प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में पन्द्रह दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर सम्पन्न

पंतनगर। 10 जून 2023। विश्वविद्यालय में संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग के एसआरपी स्टूडेंट्स के द्वारा डा. छाया शुक्ला के निर्देशन में 'द पैराडाइज स्प्रिंग्स' विषय पर पन्द्रह–दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन आज सायं विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग के सभागार में आयोजित किया गया। स्कूलों की छुट्टियां होने के उपरांत बच्चों के समक्ष सबसे बड़ा प्रश्न रहता है कि इन छुट्टियों में क्या किया जाए। यह प्रश्न न सिर्फ बच्चों को ही परेशान करता है बल्कि उनके माता–पिता भी इसका समाधान चाहते हैं। इस समस्या को समझते हुए समाधान के रूप में विभाग द्वारा पन्द्रह–दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को खेल ही खेल में बहुत सारे कौशल तथा प्रशिक्षण दिए गए। सुबह प्रातःकालीन 8.30 से मेडिटेशन एवं योगा तत्पश्चात कैलीग्राफी, आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स, वेदिक मैथ्स, कथक जुंबा, भांगड़ा एवं कुमाऊंनी और गढ़वाली नृत्य के मूलभूत स्टेप्स, बच्चों का संप्रेषण कौशल विकास, पर्यावरण के प्रति जागरूकता, ऑरिगेमी, हारमोनियम वादन आदि विभिन्न रोचक विषयों का ज्ञान, उनके प्रति जागरूकता एवं रुझान उत्पन्न करने का प्रयास किया गया। शिविर में विभिन्न स्कूलों के 23 विद्यार्थियों ने पूर्ण उत्साह एवं लगन के साथ प्रतिभाग किया। संपूर्ण शिविर के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न विधाओं का कौशल प्रदान करने के साथ–साथ उन्हें स्वास्थ्यवर्धक ड्रिंक्स तथा गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक स्नैक्स भी प्रदान किए गए, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों के समय का सदुपयोग करते हुए जीवन उपयोगी विधाओं की जानकारी देना एवं जहां तक संभव हो उसका प्रशिक्षण देने के साथ–साथ स्कूल तथा महाविद्यालय के बीच की दूरी को कम कर एक समझ उत्पन्न करना भी था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. मोहन सिंह बिष्ट, विधायक, लालकुआं के साथ कुलसचिव डा. दीपा विनय, अधिष्ठात्री सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. अल्का गोयल, अधिष्ठाता सी.बी.एस.एच. डा. संदीप कुमार अरोरा, विभागाध्यक्ष पर्यावरण विभाग, डा. आर.के. श्रीवास्तव, प्राध्यापक डा. वीर सिंह, डा. विवेकानंद, डा. दिव्या, डा. अदिति वत्स, डा. स्नेहा दोहरे, निदेशक आई.एस.डी. किच्छा, डा. विंध्यवासिनी आदि उपस्थित रहे।




*कार्यक्रम में प्रतिभाग किए विद्यार्थियों के साथ अतिथिगण एवं अधिकारीगण।*

**निदेशक संचार**